Cambridge O Level

**Cambridge Assessment International Education**
Cambridge Ordinary Level

---

**LITERATURE IN HINDI** **2026/01**

Paper 1 **October/November 2019**

**2 hours 30 minutes**

Additional Materials: Answer Booklet/Paper

*3969932845*

---

**READ THESE INSTRUCTIONS FIRST**

If you have been given an Answer Booklet, follow the instructions on the front cover of the Booklet.
Write your centre number, candidate number and name on all the work you hand in.
Write in dark blue or black pen.
Do not use staples, paper clips, glue or correction fluid.
DO **NOT** WRITE IN ANY BARCODES.

You must answer **five** questions in total.

Answer **Question 1**, and **one** other question from **Section A** and **three** questions from **Section B**.

Write your answers in **Hindi**.

At the end of the examination, fasten all your work securely together.
The number of marks is given in brackets [ ] at the end of each question or part question.

---

This document consists of **5** printed pages and **3** blank pages.



© UCLES 2019


Cambridge Assessment International Education

## Section A

1 निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं दो को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए । एक मध्यकालीन पद्य और एक आधुनिक पद्य चुनिए ।

मध्यकालीन पद्य (अ)

बाल लीला

मैया, कबहिं बढ़ैगी चोटी।
किती बार मोहि दूध पियत भई, यह अजहूँ है छोटी।।
तू जो कहति बल की बेनी ज्यों, ह्वै है लाँबी-मोटी।
काढ़त-गुहत-न्हवावत जैहैं, नागिन सी भुई लोटी।।
काँचो दूध पियावति पचि-पचि, देती न माखन रोटी।
सूरदास चिरजीवौ दोउ भैया, हरि हलधर की जोटी।।

सूरदास

प्रश्न:

(i) "कबहिं बढ़ैगी चोटी" का क्या भाव है?
(ii) "किती बार मोहि दूध पियत भई" का अर्थ स्पष्ट कीजिए?
(iii) "काँचो दूध पियावति पचि-पचि, देती न माखन रोटी" का क्या तात्पर्य है?

[10]

**अथवा**

मध्यकालीन पद्य (ब)

अवधेस के बालक

कबहूँ ससि माँगत आरि करैं, कबहूँ प्रतिबिम्ब निहारि डरैं।
कबहूँ करताल बजाय के नाचत, मातु सबै मन मोद भरैं।
कबहूँ रिसिआइ कहैं हटिकैं, पुनि लेति सोई जेहि लागि अरैं।
अवधेस के बालक चारि सदा, तुलसी मन-मंदिर में बिहरैं।।

तुलसीदास

प्रश्न:

(i) "कबहूँ प्रतिबिम्ब निहारि डरैं" का भाव स्पष्ट कीजिए।
(ii) "कबहूँ रिसिआइ कहैं हटिकैं" का भाव स्पष्ट कीजिए।
(iii) अवधेस के बालकों की चार क्रीड़ाओं का वर्णन कीजिए।

[10]

© UCLES 2019

आधुनिक पद्य (अ)

निर्माण

नाश के दुख से कभी
दबता नहीं निर्माण का सुख,
प्रलय की निस्तब्धता से
सृष्टि का नवगान फिर-फिर।
नीड़ का निर्माण फिर-फिर,
नेह का आह्वान फिर-फिर।

हरिवंशराय बच्चन

प्रश्न:

**(i)** "प्रलय की निस्तब्धता" का क्या अर्थ है?
**(ii)** "सृष्टि का नवगान फिर-फिर" का क्या अर्थ है?
**(iii)** इन पंक्तियों में दुख और सुख किस प्रकार सम्बंधित हैं?

[10]

**अथवा**

आधुनिक पद्य (ब)

ऊषा

पूर्वी क्षितिज के आँगन की लाली
दूर कर रही है
घनी रात काली
किरणों ने चूम लिया धरती का कण-कण
उठो, उठो
सुप्त जन-मन।

हरिनारायण सीता

प्रश्न:

**(i)** "पूर्वी क्षितिज के आँगन की लाली" का क्या अर्थ है?
**(ii)** "किरणों ने चूम लिया धरती का कण-कण" का भाव स्पष्ट कीजिए।
**(iii)** इन पंक्तियों से कवि क्या प्रेरणा दे रहे हैं?

[10]

© UCLES 2019

2 सूरदास ने वात्सल्य रूप का वर्णन किस प्रकार किया है? 'बाल लीला' पद्य से उदाहरण देकर उत्तर दीजिए। [20]

3 पठित पद्य 'अवधेस के बालक' के आधार पर बालरूप का वर्णन कीजिए। उदाहरण देकर उत्तर दीजिए। [20]

4 'निर्माण' और 'अग्निपथ' कविताओं में प्रदर्शित हरिवंशराय बच्चन की आशावादिता और कर्त्तव्य-शीलता की विवेचना कीजिए। [20]

5 हरिनारायण सीता की कल्पना-शक्ति और भाषा-शैली का विश्लेषण कीजिए। उदाहरण सहित अपने विचार लिखिए। [20]

© UCLES 2019

## Section B

6 ‘शब्दभंग’ उपन्यास काले धंधे में लगे लोगों के विरुद्ध एक संघर्ष की दुखद कहानी है। क्या आप इस विचार से सहमत हैं? उदाहरण सहित उत्तर दीजिए। [20]

7 अभिमन्यु अनत ने ‘शब्द भंग’ उपन्यास में रोबीन और रहीम के आपसी सम्बंधों को क्यों और किस प्रकार उभारा है? इन सम्बंधों से उपन्यास किस प्रकार आगे बढ़ता है? [20]

8 “मुंशी प्रेमचन्द ने ‘निर्मला’ उपन्यास में निर्मला के माध्यम से तत्कालीन भारतीय नारी का अंतरंग परिचय प्रस्तुत किया है।” इस कथन पर अपने विचार लिखिए। [20]

9 “दहेज हो तो सारे दोष गुण हैं। प्राणों का कोई मूल्य नहीं, केवल दहेज का मूल्य है।” ‘निर्मला’ उपन्यास के संदर्भ में इस कथन की समीक्षा कीजिए। [20]

10 सुदर्शन की कहानी ‘सच का सौदा’ और भगवतीप्रसाद वाजपेयी की कहानी ‘मिठाईवाला’ में आपको कौन सी कहानी अधिक पसंद है? इन कहानियों का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए उत्तर दीजिए। [20]

11 “रामेश्वरी के हृदय में प्रेम और ईर्ष्या का मानसिक द्वन्द है”। ‘ताई’ कहानी में विश्वम्भरनाथ शर्मा ‘कौशिक’ ने इस द्वन्द को किस प्रकार सुलझाया है? [20]

12 ‘लैला की शादी’ और ‘इन्स्टालमेण्ट’ कहानियों में आपको कौन सी कहानी अधिक पसंद है? इन कहानियों का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए उत्तर दीजिए। [20]

13 सुदर्शन की कहानी ‘सच का सौदा’ की केंद्रीय भावना क्या है? किन पात्रों ने इस कहानी को आगे बढ़ाया है? इस कहानी से क्या संदेश मिलता है? [20]

© UCLES 2019

BLANK PAGE

© UCLES 2019 

**BLANK PAGE**

© UCLES 2019

**BLANK PAGE**

Permission to reproduce items where third-party owned material protected by copyright is included has been sought and cleared where possible. Every reasonable effort has been made by the publisher (UCLES) to trace copyright holders, but if any items requiring clearance have unwittingly been included, the publisher will be pleased to make amends at the earliest possible opportunity.

To avoid the issue of disclosure of answer-related information to candidates, all copyright acknowledgements are reproduced online in the Cambridge Assessment International Education Copyright Acknowledgements Booklet. This is produced for each series of examinations and is freely available to download at www.cambridgeinternational.org after the live examination series.

Cambridge Assessment International Education is part of the Cambridge Assessment Group. Cambridge Assessment is the brand name of the University of Cambridge Local Examinations Syndicate (UCLES), which itself is a department of the University of Cambridge.